राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर करेडा जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– बन्शीधर योगी, (आर0ए0एस0)

मुकदमा संख्या :– 473/2023 प्र0 ww

01. नरपत सिंह पिता नेनु सिंह उर्फ जैत सिंह राजपूत निवासी सबलपुरा पटवार हल्का रामपुरिया

प्रार्थीगण

बनाम

01. ईश्वर सिंह पिता सावंत सिंह राजपूत निवासी सबलपुरा तहसील करेडा जिला भीलवाडा

विपक्षीगण......

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0भू0रा0अधि0 1956

:: आदेश :: दिनांक 19/3/24

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0भू0राज0अधि0 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम सबलपुरा पटवार हल्का रामपुरिया तहसील करेड़ा में उसके खाते/संयुक्त खातों की खाता संख्या 102 आराजी नम्बर 138, 140/2, 141/2, 28/2, 29/2, 351/2, 38/2, 424/2, 432/1, 78/2 कुलकिता 10 रकबा 2.2385 हैक्टेयर भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदाविया के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थी अपने खाते/ संयुक्त खातें की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 18/12/2023 को पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण को अवलोकनार्थ से यह बात सिद्व है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते एंव कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हैरा–फैरी होने का अंदेशा नही है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इनत तथ्यों का देखते हुये नैसर्गिक भी न्यायिक सिद्वान्त के आधार पर आवेदन पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

:: आदेश::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम सबलपुरा पटवार हल्का रामपुरिया तहसील करेड़ा में स्थित खाता संख्या 102 आराजी नम्बर 138, 140/2, 141/2, 28/2, 29/2, 351/2, 38/2, 424/2, 432/1, 78/2 कुलकिता 10 रकबा 2.2385 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढी किये जाने हेतु भू– अभिलेख निरीक्षक निम्बाहेडा जाटान को 1200/– रुपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावे। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की मौजूदगी में मौंके व कब्जे की यथास्थिति को बनायें रखते हुये मुस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खड़ी होने पर पत्थरगढी नही की जावे।

संलग्नः– प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि

Signature Not Verified

Digitally signed by Banshi Dhar Yogi
Date: 2024.04.05 15:42:51
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
करेडा, जिला– भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार करेड़ा को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
करेडा, जिला– भीलवाड़ा